# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.)

## कमला कॉलेज में वाणिज्य विभाग द्वारा सिविल सेवा सुनहरा भविष्य विषय पर व्याख्यान

**राजनांदगांव** : शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव में वाणिज्य विभाग द्वारा छात्राओं के कैरियर निर्देशन हेतु सिविल सेवा सुनहरा भविष्य विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया । अतिथि व्याख्याता श्री रामकिशोर यादव सहायक प्राध्यापक शास. महाविद्यालय भखारा, जिला धमतरी के द्वारा छात्राओं को संघ लोक सेवा एवं राज्य लोक सेवा द्वारा आयोजित परीक्षा के लिए न्यूनतम योग्यता, पाठ्यक्रम, परीक्षा का पैर्टन, प्रश्नपत्रों का प्रारूप आवश्यक पुस्तकें, परीक्षा की तैयारी व ऑनलाईन कोचिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई । उन्होंने छात्राओं को मुख्य परीक्षा हेतु निबंधात्मक उत्तर देने की तकनीक से अवगत कराया । उन्होंने छात्राओं को मानसिक रूप से तैयार होकर निरंतर अध्ययनरत रहने, समसामयिक विषयों की तैयारी के लिए प्रमुख समाचार पत्र पढ़ने व नोट्स तैयार करने हेतु प्रेरित किया । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.सुमन सिंह बघेल ने छात्राओं को कहा कि अब अवसर आ गया है कि वे अपने लक्ष्य का निर्धारण कर अपने कैरियर को दिशा प्रदान करें । कार्यक्रम का संचालन डॉ.लाली शर्मा, सहा.प्रा. वाणिज्य के द्वारा किया गया । उन्होंने छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर दैनिक दिनचर्या में अध्ययन को अनिवार्यतः शामिल करने हेतु प्रेरित किया, और कहा कि निरंतर अध्ययनरत रहने का प्रतिफल उन्हे भावी जीवन में लक्ष्य प्राप्ति हेतु सहायक होगा । धन्यवाद ज्ञापन डॉ.प्रज्ञा मिश्रा द्वारा किया गया ।

डॉ.लाली शर्मा
सहा.प्रा. वाणिज्य
शास.कमलादेवी राठी महिला स्नात. महा.
राजनांदगांव (छ.ग.)

डॉ.(श्रीमती) सुमन सिंह बघेल
प्राचार्य
शास कमलादेवी राठी महिला महा.
राजनांदगांव (छ.ग.)